बिहार लोक सेवा आयोग
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800001

विस्तृत सूचना

बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा (वि०सं० 03/2021) से संबंधित उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र आयोग के वेबसाईट पर अपलोड कर दिये गये है। कतिपय अभ्यर्थियों का उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन में अपलोड किये गये फोटो एवं हस्ताक्षर का ईमेज अस्पष्ट/अपठनीय एवं रिक्त है। वैसे उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे निम्नलिखित कागजात/साक्ष्य, परीक्षा की निर्धारित तिथि 08.11.2022 को सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षक को समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे :–

1. अभ्यर्थी आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध घोषणा पत्र को पूर्ण रूप से भरकर उनके निर्दिष्ट स्थान पर किसी राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित रंगीन फोटो चिपकाऐंगें एवं निर्दिष्ट स्थान पर अपना हस्ताक्षर हिन्दी एवं अंग्रेजी में करेंगे।
2. राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित दो रंगीन फोटो में से एक फोटो अभ्यर्थी अपने ई-प्रवेश पत्र में निर्दिष्ट स्थान के बगल में चिपकाऐंगे। दूसरा फोटो ई-प्रवेश पत्र के कार्यालय प्रति में संबंधित परीक्षा केन्द्र पर केन्द्राधीक्षक के समक्ष चिपकाऐंगे।
3. आई० डी० प्रूफ यथा– पैन कार्ड/आधार कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर आई० डी० कार्ड/पासपोर्ट में से किसी एक की छायाप्रति, जो राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित हो, उसे केन्द्राधीक्षक को निश्चित रूप से समर्पित/जमा करेंगे। उक्त पहचान–पत्र की मूल प्रति भी अभ्यर्थी अपने साथ रखेंगे।
4. केन्द्राधीक्षक द्वारा अभ्यर्थी से प्राप्त उपर्युक्त सभी कागजातों एवं फोटो का मिलान/सत्यापन करने के पश्चात् ही उन्हें अपने परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जायेगी।

नोटः– विहित घोषणा–पत्र आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध है।

2/11/22

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

परीक्षा का नाम : **बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा (वि॰सं॰– 03/2021)**

घोषणा पत्र

मैं.., पिता/पति का नाम... रजिस्ट्रेशन नं॰ ...., अनुक्रमांक ...., एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मैं दिनांक 08.11.2022 (मंगलवार) एवं 09.11.2022 (बुधवार) को आयोजित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा (विज्ञापन संख्या 03/2021) का/की अभ्यर्थी हूँ। उक्त मुख्य (लिखित) परीक्षा से संबंधित **ई–प्रवेश–पत्र** में मेरा फोटो/हस्ताक्षर का ईमेज अस्पष्ट/अपठनीय/रिक्त है, जिसके सत्यापन में इस घोषणा–पत्र के निर्दिष्ट स्थान पर चिपकाया गया राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित फोटो एवं हस्ताक्षर (हिन्दी एवं अंग्रेजी में) मेरा ही है, किसी अन्य व्यक्ति का नही है। तत्सम्बन्धी उपर्युक्त अंकित रजिस्ट्रेशन नं॰ के विरूद्ध समर्पित ऑनलाईन आवेदन में दी गई सभी सूचनाएँ/फोटो/हस्ताक्षर सत्य एवं सही है।

उपर्युक्त की गयी घोषणा, फोटो/हस्ताक्षर किसी अन्य के या गलत पाये जाते हैं तो उसके लिये मैं पूर्णतः जिम्मेवार होऊँगा/होऊँगी और इसके लिए मेरे विरूद्ध **वैधानिक/दण्डात्मक** कार्रवाई करते हुए मेरे आवेदन को रद्द कर दिया जायेगा, इसमें मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी। मैं आयोग के सभी नियमों/निर्णयों का पालन करने के लिए तैयार हूँ।

राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित फोटो चिपकायें

उम्मीदवार का हस्ताक्षर :– हिन्दी में

:– अंग्रेजी में